महाराणा प्रताप महाविद्यालय
30-5-25
ग्रन्थालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

# HND 307

## B.A. VI$^{th}$ SEMESTER EXAMINATION, 2024-25

## HINDI

## Loksahitya Evam Loksanskriti (Pratham)

## (CBCS Mode)

| AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP | Date (तिथि) : ______________ | **Paper ID** (To be filled in the OMR Sheet) **5438** |
|---|---|---|

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures) : | | | | | | | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________________

Roll No. (In Words) : ____________________

**Time : 1:30 Hrs.**
**समय : 1:30 घण्टे**

**Max. Marks : 75**
**अधिकतम अंक : 75**

**नोट : पुस्तिका में 50 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.
2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।
2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. "लोक साहित्य लोक–मानस की सहज और स्वाभाविक अभिव्यक्ति है, यह बहुधा अलिखित ही रहता है और अपनी मौखिक परम्परा द्वारा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आगे बढ़ता रहता है।" कथन है।

(A) कृष्णदेव उपाध्याय

(B) डॉ० रवीन्द्र भ्रमर

(C) डॉ० सतेन्द्र

(D) डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी

2. लोककथाओं का सबसे प्राचीन संग्रह है –

(A) वृहत्कथा

(B) मिथक

(C) मोटिक

(D) इनमें से कोई नहीं

3. "उत्तर भारत में 'नौटंकी' को 'स्वांग' या 'भगत' भी कहते हैं।" यह कथन

(A) सत्य है

(B) असत्य है

(C) आंशिक सत्य है

(D) इनमें से कोई नहीं

4. 'जात्रा' और 'गम्भीरा प्रसिद्ध है ।

(A) उड़ीसा

(B) बंगाल

(C) असम

(D) त्रिपुरा

5. जब पात्र देवत्व की कोटि से नीचे उतरकर मनुष्यत्व की श्रेणी में आ जाते हैं तब उन्हें कहते हैं –

(A) लीजेण्ड

(B) मिथ

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

6. लम्बे संवादों का नितान्त अभाव होता है।

(A) लोकनाट्य में

(B) लोकगीत में

(C) पहेलियों में

(D) मुहावरे में

7. लोक कथाओं का पर्यावसान होता है –

(A) सुख में

(B) दुख में

(C) (A) और (B) दोनों में

(D) इनमें से कोई नहीं

8. निम्नलिखित पंक्तियाँ सम्बद्ध हैं –

"हँसिबा खेलिबा रहिबा रंग काम क्रोध न करिबा संग।

हँसिबा खेलिबा गाइबा गीत दीठ कर राखिबा आपना चीत।"

(A) अवधी

(B) भोजपुरी

(C) छत्तीसगढ़ी

(D) बुंदेलखण्डी

9. सुमेलित नहीं है –

(A) भिखारी ठाकुर – बिदेसिया

(B) भवाई – लोकनृत्य

(C) चौक पूरना – लोक कला

(D) ढोला–मारू–रा–दूहा–लोक नृत्य

10. 'ईसुरी की फागें' नामक पुस्तक में इसुरी नामक लोक कवि के गीतों का संग्रह किया है।

(A) कृष्णानन्द गुप्त ने

(B) गणेश चौबे

(C) दुर्गा प्रसाद सिंह

(D) इनमें से कोई नहीं

11. ऋतु और खेती सम्बन्धी लोकोक्तियों के लिए प्रसिद्ध हैं।

(A) घाघ और भड्डरी

(B) डॉ० सत्यदेव ओझा

(C) डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय

(D) इनमें से कोई नहीं

12. राजस्थानी भाषा की प्राचीन लोक गाथा है –

(A) ढोला–मारू–रा–दूहा

(B) नरसी जी रो मायरो

(C) कृष्ण–रूकमणी रो व्यावलो

(D) मानाँ गूजरी को पावड़ो

13. लोक साहित्य के अन्तर्गत है ।

(A) कृत्रिम जीवन के प्रति आकर्षण

(B) कविता पिंगल शास्त्र की नपी–तुली धाराओं से प्रवाहित

(C) स्वभाविकता, स्वच्छंदता और सरलता

(D) अनेक रूढियों, वादों में जकड़ा हुआ

14. लोकगीतों में अलंकार योजना का सन्निवेश होता है –

(A) सप्रयास

(B) अनायास

(C) हठात्

(D) कृत्रिम

15. लोक कथा की विशेषता नहीं है –

(A) रहस्य, रोमांच अलौकिकता की भावना

(B) सुख और संयोग में कथाओं का अंत

(C) मंगल कामना की भावना

(D) राजनीतिक चहल–पहल

16. 'लोक' शब्द का अर्थ 'जनपद' या 'ग्राम' नहीं है, बल्कि नगरों और ग्रामों में फैली हुयी, वह समूची जनता है, जिसके व्यावहारिक ज्ञान का आधार पोथियाँ नहीं हैं।" उक्त कथन है।

(A) वासुदेव शरण अग्रवाल का

(B) आ० हजारी प्रसाद द्विवेदी का

(C) डॉ० रवीन्द्र भ्रमर का

(D) श्याम परमार का

17. भिखारी ठाकुर द्वारा रचित 'विदेशिया' की विधा है।

(A) लोककथा

(B) लोकगाथा

(C) लोकगीत

(D) लोकनाट्य

18. लोक साहित्य में निहित कथानक रूढ़ियों का संबंध है।

(A) भूत–प्रेत, देवी–देवता में आस्था

(B) नायक–नायिका का अलौकिक शक्ति संपन्न होना

(C) काल्पनिक एवं अतिशयोक्तिपूर्ण घटनाओं का वर्णन

(D) उपर्युक्त सभी

19. "ग्रामगीत प्रकृति के उद्‌गार है। इनमें अलंकार नहीं, केवल रस है ! छन्द नहीं, केवल लय है ! लालित्य नहीं केवल माधुर्य है। ग्रामीण मनुष्य के सभी स्त्री–पुरूषों के मध्य में हृदय नामक आसन पर बैठकर प्रकृति गान करती है। प्रकृति के वे ही गान ग्रामगीत है।" उपर्युक्त परिभाषा किस विद्वान की है ?

(A) श्री राम नरेश त्रिपाठी

(B) कृष्णदेव उपाध्याय

(C) आ० हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) डॉ० शंकर लाल यादव

20. रामनरेश त्रिपाठी द्वारा संपादित 'कविता कौमुदी' संग्रह है।

(A) लोकगीतों का

(B) लोककथाओं का

(C) लोकगाथाओं का

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

21. चैता, झूमर, फ़ाग आदि किस प्रकार के गीत हैं ?

(A) लोक गीत

(B) विदेशी गीत

(C) साहित्यिक गीत

(D) शायरी गीत

22. "मेरा तो विश्वास है कि हिन्दी जनपदों की बोलियों को साथ लिए बिना उन्नति कर ही नहीं सकती। भाषा की दृष्टि से जनपदों में गाँवों में बे हिसाब मशाला भरा पड़ा है।" कथन है ?

(A) डॉ० वासुदेव शरण अग्रवाल का

(B) आ० हजारी प्रसाद द्विवेदी का

(C) कृष्ण देव उपाध्याय का

(D) आ० रामचन्द्र शुक्ल का

23. 'लोक साहित्य की 'भूमिका' पुस्तक के लेखक हैं।

(A) श्रीराम शर्मा

(B) श्रीधर मिश्र

(C) कृष्णदेव उपाध्याय

(D) उषा सक्सेना

24. लोरिक (लोरिकायन) लोकगाथा की ख्याति का आधार है।

(A) महाकाव्य

(B) खण्डकाव्य

(C) चरितकाव्य

(D) उपन्यास

25. "संध्या को पैदा हुई, आधी रात जवान। बड़े सबेरे मर गई, घर हो गया मसान।" पहेली का अर्थ है।

(A) ओस

(B) बादल

(C) परछाई

(D) आकाश

26. 'अन्न–जल–उठना' मुहावरे का अर्थ है।

(A) मृत्यु को प्राप्त होना

(B) खाना–पानी लगना

(C) पानी–न–रहना

(D) अन्न खत्म होना

27. "कहावत (लोकोक्ति) सामान्यतः संक्षिप्त, सारगर्भित और प्रभावशाली उक्ति है, जिसमें जीवन की अनुभूतियाँ स्पष्टतः झलकती हैं और जो परिस्थिति की अनुकूलता को दृष्टि में रखकर प्रयोग में लायी जाती है।" उक्त कथन है।

(A) डॉ० दक्षिणामूर्ति का

(B) वासुदेव शरण का

(C) कृष्ण देव उपाध्याय का

(D) रवीन्द्र भ्रमर का

28. 'बाढ़ै पूत पिता के धर्मे, खेती उपजै अपने कर्मे। उक्ति का संबंध है।

(A) मुहावरा

(B) लोकोक्ति

(C) ढकोसला

(D) पहेली

29. लोककथा और कहानी में अंतर निहित है।

(A) लोककथा प्रायः छोटी तथा कहानी दीर्घ होती है

(B) लोककथा आदर्शवादी होती है जबकि कहानी यथार्थवाद पर टिकी होती है

(C) लोककथा मौखिक होती है तथा कहानी लिखित होती है

(D) उपर्युक्त सभी

30. 'लोकगाथा' की विशेषताएँ है।

(A) मौखिक परम्परा

(B) रचयिता का नाम अज्ञात होना

(C) इतिहास की संदिग्धता

(D) उपर्युक्त सभी

31. लोक गीतों के सम्बन्ध में असत्य कथन है

(A) स्वाभाविकता

(B) कृत्रिमता

(C) अकृतिमता

(D) सरलता

32. 'तमाशा' लोक नाट्य विधा का संबंध किस राज्य से है ?

(A) महाराष्ट्र

(B) तमिलनाडु

(C) कर्नाटक

(D) असम

33. "भैंस चढ़ी बबूल पर लप–लप गूलर खाय लोक साहित्य की विधा है।

(A) पहेली

(B) ढकोसला

(C) मुहावरा

(D) लोकोक्ति

34. भारत के विभिन्न क्षेत्रों में लोकगीतों से जुड़े वाद्ययंत्र के उदाहरण हैं।

(A) ढोलक

(B) ताशा

(C) तंबूरा

(D) सभी

35. लोकोक्ति (कहावत) तथा मुहावरों में अन्तर के सन्दर्भ में असत्य कथन है।

(A) मुहावरा छोटा होता है, जबकि कहावत का आकार बड़ा होता है

(B) मुहावरा केवल गद्य में होता है, जबकि कहावत गद्य–पद्य दोनों रूपों में पायी जाती है

(C) मुहावरा एक वाक्यांश होता है तथा कहावत एक पूर्ण वाक्य होता है

(D) उपर्युक्त सभी

36. "लाल घोड़ी खर खाय, पानी पियै मर जाय। पहेली का अर्थ है।

(A) आग

(B) मुहावरा

(C) ओस

(D) बादल

37. "लोक साहित्य में जन–जीवन का जितना सच्चा और स्वाभाविक वर्णन उपलब्ध होता है, उतना अन्यत्र नहीं। सच तो यह है कि यदि किसी समाज का वास्तविक चित्र देखना हो तो उसके लोक साहित्य का अध्ययन करना चाहिए।" उक्त कथन है

(A) डॉ० कुन्दन लाल उप्रेती

(B) कृष्ण देव उपाध्याय

(C) डॉ० सतेन्द्र

(D) भिखारी ठाकुर

38. 'आल्ह खण्ड' का संबंध उत्तर प्रदेश के किस जिले से जुड़ी है ?

(A) महोबा/हमीरपुर

(B) जालौन/ऊरई

(C) कानपुर देहात

(D) देवीपाटन

39. लोक साहित्य के रचनाकार हीराडोम की कविता 'अछूत की शिकायत' में किस प्रकार की चेतना निहित है ?

(A) स्त्री चेतना

(B) राजनीतिक चेतना

(C) दलित चेतना

(D) राष्ट्रीय चेतना

40. डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय ने लोकवार्ता को कितने वर्गों में बाँटा है।

(A) एक

(B) दो

(C) पाँच

(D) चार

41. लोक साहित्य में निहित चेतना सन्निहित है।

(A) राष्ट्रीय चेतना

(B) लोक चेतना

(C) सांस्कृतिक चेतना

(D) उपर्युक्त सभी

42. विद्यापति द्वारा रचित 'पदावली' में 'देसिल बयना सब जन मिठ्ठा' की भाषा है।

(A) कौरवी अथवा खड़ीबोली

(B) हरियाणवी

(C) अवधी

(D) मैथिली

43. 'हमारा ग्राम साहित्य' लोकोक्तियों के संग्रहकर्ता हैं।

(A) देवेन्द्र सत्यार्थी

(B) रामनरेश त्रिपाठी

(C) चिन्तामणि उपाध्याय

(D) कन्हैयालाल सहगल

44. लोक साहित्य के प्रतिष्ठित विद्वान हैं।

(A) डॉ० सतेन्द्र

(B) कृष्णदेव उपाध्याय

(C) पहला और दूसरा दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

45. 'लोक साहित्य' की विधाएँ है।

(A) लोकगाथा

(B) लोकगीत

(C) लोककथा

(D) सभी

46. "लोक शब्द का अर्थ 'जन–पद' या ग्राम नहीं है बल्कि नगरों और गाँवों में फैली वह समूची जनता है जिनके व्यावहारिक ज्ञान का आधार पोथियाँ नहीं हैं" किसका कथन है –

(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) डॉ० वासुदेव शरण अग्रवाल

(C) डॉ० कृष्ण देव उपाध्याय

(D) डॉ० धीरेन्द्र वर्मा

47. लोक का कोशगत अर्थ है –

(A) संस्कृति का बोधक

(B) ग्रामीण समुदाय का बोधक

(C) जनसमुदाय का बोधक

(D) संस्कार का बोधक

48. "वास्तव में लोक साहित्य वह मौखिक परम्परा है जो भले ही किसी व्यक्ति ने गढ़ी है पर आज इसे सामान्य लोक समूह अपनी ही मानता है इसमें लोक मानस प्रतिबिम्बित रहता है" किसका कथन है।

(A) डॉ० त्रिलोचन पाण्डेय

(B) डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय

(C) डॉ० धीरेन्द्र वर्मा

(D) डॉ० रविन्द्र भ्रमर

49. सही युग्मों का चयन करें –

(A) महाराष्ट्र – कथागीत

(B) गुजरात – पावड़ा

(C) राजस्थानी – गीत कथा

(D) अंग्रेजी – लोकरथा (वैलेट)

50. सोरठी किस प्रकार की लोक गाथा है ?

(A) प्रेम गाथा

(B) हास्य गाथा

(C) वीर गाथा

(D) चरित गाथा

*****